# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## ::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी-2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा श्री सज्जन कुमार, प्रधानाचार्य, राउमावि, डूमोलीकलां जिला झुन्झुनूं का स्थानान्तरण राउमावि गिड़ा, बायतू जिला बाड़मेर किया गया था जिसके विरूद्व सज्जन कुमार द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 430/2021 सज्जन कुमार बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई ।

अपील संख्या 430/2021 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.01.2021 द्वारा अपीलार्थी सज्जन कुमार को अपनी व्यक्तिगत कठिनाईयों के सम्बन्ध में तीन सप्ताह की अवधि में सक्षम अधिकारी के समक्ष अपना अभ्यावेदन पेश करने एवं सक्षम अधिकारी द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे विधि अनुसार 15 दिवस के भीतर एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) प्रसारित करते हुए निस्तारित किये जाने एवं ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को प्रदान किये जाने सम्बन्धी निर्देश प्रदान किये गए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिकूल शारीरिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अपना पदस्थापन/समायोजन राउमावि कुन्तासर, श्रीडूंगरगढ जिला बीकानेर/पंडित बद्रीप्रसाद महर्षि राउमावि अलफसर जिला सीकर/राउमावि पिपेरा, लूनकरणसर जिला बीकानेर में प्रधानाचार्य के पद पर किये जाने की मांग की गई।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का माननीय अधिकरण के निर्णय एवं राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा-निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों एवं विकट शारीरिक दशाओं को दृष्टिगत रखते हुए अपीलार्थी श्री सज्जन कुमार, प्रधानाचार्य राउमावि गिड़ा, बायतू जिला बाड़मेर का पदस्थापन राउमावि पिपेरा, लूनकरणसर जिला बीकानेर में प्रधानाचार्य के रिक्त पद पर किया जाता है।

(सौरभ स्वामी)<br>
आई.ए.एस<br>
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा<br>
राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांकः शिविरा-मा./संस्था/बी-2/अपील/सज्जन कुमार/855/2021/220** **दिनांकः** 24/02/2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जोधपुर/बीकानेर संभाग, जोधपुर/बीकानेर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, बाड़मेर/बीकानेर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक बाड़मेर/बीकानेर।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. श्री सज्जन कुमार, प्रधानाचार्य राउमावि गिड़ा, बायतू जिला बाड़मेर को आदेश की पालनार्थ।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)